ARYABHATTA KNOWLEDGE UNIVERSITY, PATNA
**Established by the State Legislature Act. XXIV of 2008.**
Mithapur, Patna – 800 001
Phone No.:0612-2351919, Email-akuniv10@gmail.com, Website: www.akubihar.ac.in

# प्रेस विज्ञप्ति

## आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से सम्बद्ध महाविद्यालयों के साथ माननीय कुलपति की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

दिनांक 10.04.2024

**पटनाः** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में दिनांक 10.04.2024 को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों के निदेशक, प्राचार्य तथा सचिव की बैठक आहूत की गई। इस Interaction meeting की अध्यक्षता विश्वविद्यालयस के माननीय कुलपति प्रो० शरद कुमार यादव द्वारा किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ० शंकर कुमार द्वारा प्रथमतः यह बताया गया कि इस बैठक को बुलाने का मूल उद्देश्य अकादमिक तथा प्रशासनिक सुधार हेतु परिचर्चा है। इन्होंने उद्देश्य तथा परिचर्चा के अन्तर्गत विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय को मजबूती देना, विश्वसनीयता में वृद्धि, नई शिक्षा नीति के तहत शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक गतिविधि पर जोर, नई शिक्षा नीति को पूर्णतः लागू किया जाना, NAAC महाविद्यालयों द्वारा दूसरे महाविद्यालय को मदद करना है। उन्होंने सभी संस्थानों को अपने Website पर सभी जानकारी Routine, Academic Calendar तथा विश्वविद्यालय के Website का लिंक अवश्य रूप से अद्यतन किया जाए।

सम्बद्ध महाविद्यालयों के अन्तर्गत ISM के निदेशक, डॉ० विजय बहादुर सिंह, CIMAGE के निदेशक, Broadford Institute के निदेशक डॉ० धर्मेन्द कुमार, MTM College के श्री क्षीतिज साहा, मैत्रेय कॉलेज के कुमार मृत्युंजय राकेश, मिथिल चित्रकला संस्थान के श्री बीरेन्द्र प्रसाद, इत्यादि द्वारा अपने सुझावों को रखा गया।

सभी महाविद्यालयों द्वारा मुख्य रूप से केन्द्रीकृत नामांकन प्रणाली के विकास, विश्वविद्यालय स्तर पर Ph.D. level पाठ्यक्रम तथा Ph.D. को आरंभ करना, सभी पाठ्यक्रम का अपग्रेडेशन, NAAC तथा NBA के लिए कार्य किया जाना, केन्द्रीकृत डीजिटल लाइब्रेरी, इत्यादि के विकास का सुझाव दिया गया।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा अपने अध्यक्षीय भाषण में सभी महाविद्यालयों को बताया गया कि विश्वविद्यालय अन्तर्गत कुल 5 स्कूल में नामांकन सत्र 2024–25 में प्रारंभ किया जा रहा है। इन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय अन्तर्गत Placement Cell बनाये जाने की प्रक्रिया तथा 12B के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के लाने की प्रकृिया प्रक्रियाधीन है। विश्वविद्यालय द्वारा Academic Calendar का निर्माण किया जा चुका है, जिसे शीघ्र विश्वविद्यालय के Website पर उपलब्ध कराया जाएगा।

### माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक मुद्दों पर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

1. Research Cell का गठन,
2. सभी स्कूलों के मार्गदर्शन के लिए शैक्षणिक सलाहकार समिति का गठन
3. सत्र 2024–25 से सम्बद्धता एवं सम्बद्धता विस्तार की प्रक्रिया को ऑनलाईन करना
4. IT Cell का गठन
5. पुराने सभी रूके हुए संबद्धन 2022–23 तथा 2023–24 को निष्पादित किया गया।
6. सभी NOC आवेदन का ससमय निष्पादन किया गया।
7. विश्वविद्यालय परिसर को Wi-fi, CCTV एवं EPBAX System को सुदृढ़ करने हेतु त्वरित कार्रवाई किए जाने का निदेश

8. विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक केन्द्रों को स्कूल के रूप में परिवर्तित कर नए सत्र से पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु Prospectus बनाया जा चुका है।
9. राष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालय/शैक्षणिक संस्थान के साथ शोध एवं शैक्षणिक विषयों पर समझौता ज्ञापन (MoU) की विवरणी

| क्र.सं. | संस्थान का नाम | उद्देश्य | दिनांक |
|---|---|---|---|
| (i) | जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा | अल्पावधि पाठ्यक्रमों में ज्ञान और तकनीकी जानकारी का विकास करना, संकाय विकास और आदान–प्रदान के अवसर, अनुसंधान और नवाचार, परस्पर सहमति के अनुसार अन्य गतिविधियों का आयोजन | 01.03.2024 |
| (ii) | चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना | संयुक्त रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ करना, एक दूसरे के क्षमता का निर्माण करना, शैक्षणिक एवं अनुसंधान में सहयोग करना, विभिन्न विनिमय कार्यक्रम, पाठ्यक्रमों में पारस्परिक नामांकन, नेटवर्किंग के अवसर, मूल्यांकन आदि | 01.03.2024 |
| (iii) | बिजनेस इक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन, चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना | स्टार्टअप इकोसिस्टम का विकास, इक्यूबेशन सपोर्ट, इनोवेशन गतिविधियां, परामर्श कार्यक्रम, विभिन्न कार्यक्रम का शुभारंभ एवं इसके लिए फंडिंग की व्यवस्था करना, नेटवर्किंग के अवसर, इन्टेलेक्चुअल प्रोपर्टी राइट्स मैनेजमंट, मार्केट लिंकेज निर्माण तथा मूल्यांकन करना | 01.03.2024 |
| (iv) | राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालय (डी. नोवो), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, जयपुर | नैनोविज्ञान तथा नैनो बायोटेक्नोलॉजी की मदद से विभिन्न आर्युवेदिक दवाओं के प्रभाव पर वैज्ञानिक प्रमाण इकट्ठा करने से संबंधित शोध के क्षेत्र में सामूहिक सहयोग विकसित करना | 03.04.2024 |

10. विश्वविद्यालय में राज्य सरकार द्वारा सृजित पदों के विरूद्ध पदोन्नति तथा सीधी नियुक्ति हेतु पदों को चिन्हित किया जाना तथा उनका रोस्टर तैयार करवाना।
11. विश्वविद्यालय में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ। इस हेतु राज्य सरकार एवं कुलाधिपति कार्यालय से लगातार संबंधित निर्देश प्राप्त किया जा रहा है।
12. विश्वविद्यालय पुस्तकालय को आधुनिक केन्द्रीय पुस्तकालय के रूप में परिवर्तित करने की दिशा में कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।
13. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदनापरांत संचालित पाठ्यक्रमों का विश्वविद्यालय मुख्यालय स्तर पर इसका विभाग खोला जाएगा, जिससे कि संबंधित विषयों में Ph.D. में नामांकन हेतु छात्र/छात्राओं को दूसरे विश्वविद्यालय में जाने से रोका जा सके।
14. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध वैसे महाविद्यालय/संस्थान जो बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं उन्हें सत्र 2024–25 में विश्वविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

# ARYABHATTA KNOWLEDGE UNIVERSITY, PATNA

**Established by the State Legislature Act. XXIV of 2008.**

Mithapur, Patna – 800 001

Phone No.:0612-2351919, Email-akuniv10@gmail.com, Website: www.akubihar.ac.in


15. विश्वविद्यालय कर्मियों को Modified Assured Career Progression Scheme (MACP) की सुविधा प्रदान करने हेतु निर्णय लिया जा चुका है।
16. आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना एवं संत जेवियर्स कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, पटना के संयुक्त तत्वावधान में Pedagogical Emotional Competence विषय पर दिनांक 27 फरवरी से 4 मार्च 2024 तक छः दिवसीय Faculty Development Programme (Online mode) का आयोजन।
17. नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (NEP 2020) के प्रावधानों को लागू करने का प्रयास
18. विश्वविद्यालय अन्तर्गत संचालित सभी पाठ्यक्रमों का Ordinance तैयार करना
19. दिनांक 30.01.2024 को विश्वविद्यालय कर्मियों एवं नामांकित छात्र/छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय में नेत्र जाँच शिविर का आयोजन
20. PGRC – School of Health and Medicine (Ph.D. in Dentistry) का गठन
21. 'किशोरों के लिए साइबर सुरक्षा' पर कोर्स विकसित करने के लिए मोनाश विश्वविद्यालय, आस्ट्रेलिया से विश्वविद्यालय सम्पर्क में है।
22. विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए Payment of Gratuity Act, 1972 को Adopt किया गया।
23. Academic Calendar का निर्माण
24. Examination Calendar का निर्माण
25. दिनांक 21.03.2024 को 14वें स्थापना दिवस पर बिहार दिवस के पूर्व संध्या पर ''बिहार के किस्से' तथा ''बिहार का स्वाद'' कार्यक्रम का आयोजन
26. कार्यकारिणी परिषद् की दो बैठकें हर महीने की गई तथा सभी निर्णय सबों के खुले विर्मशोपरान्त किये गये हैं, जिनमें मुख्य रूप से कुछ नये कोर्स को 2024–25 से लागू किया जाने का प्रस्ताव है, जिसपर विमर्श व चर्चा आज की बैठक में भी होनी है।